# University in News on 11 April 2025

## i-NEXT PAGE 4

### बहुत जल्द शुरू होगा एलयू में एडमिशन प्रोसेस

LUCKNOW (10 April) : लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार नए सेशन में समर्थ पोर्टल के माध्यम से एडमिशन लेगा. स्टूडेंट्स को एडमिशन लेने के लिए समर्थ पोर्टल पर अप्लाई करना होगा, जिसके बाद ही एडमिशन प्रोसेस शुरू होगी. ये पहली बार है जब एलयू समर्थ पोर्टल के जरिए स्टूडेंट्स का एडमिशन करेगा. इससे पिछले वर्षों में स्टूडेंट्स ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से एंट्रेस टेस्ट देकर मेरिट के आधार पर एडमिशन लेते थे. यूनिवर्सिटी समर्थ के जरिए एडमिशन देने के लिए लगातार तैयारियों में लगी हुई है. विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, जल्द ही एडमिशन को लेकर गाइडलाइंस जारी कर दी जाएंगी.

#### छात्रों को इंतजार

एलयू में एडमिशन लेने के लिए एडमिशन प्रोसेस की शुरुआत का स्टूडेंट्स को बेसब्री से इंतजार है. जिसको देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन भी एडमिशन प्रोसेस जल्द से जल्द शुरू करने की कोशिशों में लगा हुआ है. उम्मीद है कि अगले हफ्ते के अंत तक एडमिशन प्रोसेस शुरू कर दी जाएगी

### साढ़े सात हजार स्टूडेंट्स को मिली स्कॉलरशिप

उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप और फीस प्रतिपूर्ति के तहत लखनऊ यूनिवर्सिटी के 7505 स्टूडेंट्स को 25 करोड़ 91 लाख 38 हजार 51 रुपए की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूति का लाभ मिल चुका है. इसके साथ ही बचे हुए छात्रों की स्कॉलरशिप जारी करने की प्रोसेस चल रही है.

### एलयू के स्टूडेंट्स ने बिखेरी अपनी चमक

लखनऊ यूनिवर्सिटी के एलएलबी के छात्र नीलेश सिंह का सिलेक्शन आईबीपीएस के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा में लॉ ऑफिसर के तौर पर स्पेशलिस्ट ऑफिसर के पद पर हुआ. वही, एलएलबी के ही दूसरे छात्र मोहित कुमार का सिलेक्शन विधि प्रभारी के पद पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग में हुआ है. दोनों ही छात्र यूनिवर्सिटी में लॉ के स्टूडेंट रहे हैं.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### 25 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति बांटी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कल्याण विभाग की ओर से सत्र 2024-25 के लिए 7505 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। इनमें अनुसूचित जाति-जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग, अन्य पिछड़ी जातियों और सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। समाज कल्याण विभाग ने इसके आंकड़े जारी किए हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 8

### छात्रवृत्ति के लिए लविवि को मिले 25 करोड़ 91 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय को समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति के लिए लगभग 26 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग, अन्य पिछड़ी जातियों और सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। सत्र 2024-25 में अनुसूचित वर्ग में कुल 843 नए छात्र और 878 पुराने छात्र अर्थात कुल 1721 छात्रों के छात्रवृत्ति फार्म प्रेषित किए गए थे। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति में नए छात्र 34 और पुराने 17 छात्र, अल्पसंख्यक वर्ग में नए छात्र 373 और पुराने 365, अन्य पिछड़े वर्ग में 2368 नए छात्र और 806 पुराने, इसी प्रकार सामान्य वर्ग के 2038 नए छात्र और 787 पुराने छात्रवृत्ति के लिए राज्य सरकार को विश्वविद्यालय से अग्रसारित किए गए थे। इन सभी वर्ग के छात्रों की कुल संख्या 8509 के छात्रवृत्ति फार्म को समाज कल्याण विभाग को भेजा गया था।

विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार त्वरित कार्रवाई करने से अब तक 7505 छात्रों की कुल छात्रवृत्ति रुपया 25 करोड़ 91 लाख 38 हजार 51 रुपए (25,91,38,051.00) अब तक समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्गत किया जा चुके हैं। अभी भी कुछ छात्रों की छात्रवृत्तियां जारी की जा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई करने से ही अब तक इन छात्रों की छात्रवृत्तियां समाज कल्याण विभाग से आ गई हैं।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि के 7505 छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग, अन्य पिछड़ी जातियों और सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। इस वर्ष सत्र 2024-25 में अनुसूचित वर्ग में कुल 843 नए छात्र और 878 पुराने छात्र अर्थात कुल 1721 छात्रों के छात्रवृत्ति फार्म प्रेषित किए गए थे। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति में नए छात्र 34 और पुराने 17 छात्र यानी कुल 51 छात्रों के फॉर्म, अल्पसंख्यक वर्ग में नए छात्र 373 और पुराने 365 यानी कुल 738 छात्रों के फॉर्म, अन्य पिछड़े वर्ग में 2368 नए छात्र और 806 पुराने यानी 3174 कुल छात्रों के फॉर्म हुए। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के 2038 नए छात्र और 787 पुराने यानी 2825 कुल छात्रों के फॉर्म छात्रवृत्ति के लिए समाज कल्याण विभाग को लखनऊ विश्वविद्यालय से अग्रसारित किए गए थे। इन सभी वर्ग के छात्रों की कुल संख्या 8509 के छात्रवृत्ति फार्म को समाज कल्याण विभाग को अग्रसारित किया गया था। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार त्वरित कार्यवाही करने से अब तक 7505 छात्रों की कुल छात्रवृत्ति रु 25 करोड़ 91 लाख 38 हजार 51 रुपये अब तक समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्गत किया जा चुके हैं। अभी भी कुछ छात्रों की छात्रवृत्तियां जारी की जा रही है।